दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 16 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 194

अंतर्राष्ट्रीय

सूडान के विस्थापित शिविर पर हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र । सूडान के अकालग्रस्त जमजम विस्थापित कैंप पर हुए हमले में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से दी। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सूडान में उत्तर दारफुर के अल-फशेर में शुक्रवार और शनिवार को जमजम और अबू शौक विस्थापन कैंपों और शहर के आसपास और इनके अंदर हुई गंभीर हिंसा से बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है। ओसीएचए ने लोकल सूत्रों के हवाले से बताया कि मृतकों के शुरुआती आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि इन हमलों में 10 संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय के 10 कार्यकर्ताओं सहित 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह ओसीएचए कार्यकर्ता रिलीफ इंटरनेशनल एनजीओ के जमजम कैंप में चल रहे केंद्रों में बचा हुआ एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र था। यह लोग इसी स्वास्थ्य केंद्र में काम रहे थे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा कि इन हमलों में कम से कम 23 बच्चे मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हत्याओं की निंदा की, उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा, सूडान में हमारे मानवीय और स्थानीय सहयोगी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने भी इस हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है और इस हिंसा को तुरंत खत्म करने व आम लोगों और मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने की अपील की है। इन हमलों के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई जरूर की जाएगी।

राजधानी में बारिश का कहर, 72 की मौत; पांच हजार से अधिक लोगों ने छोड़ा घर

किंशासा । डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। देश की राजधानी किंशासा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है, यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। ताजा जानकारी के अनुसार, किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां 5,000 से ज़्यादा लोग अपने घर छोडऩे को मजबूर हो गए हैं। अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह सब तेज बारिश और बाढ़ की वजह से हुआ। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद का पूरा आकलन करने में लगी हुई हैं। किंशासा स्टेडियमों में आपातकालीन राहत केंद्र और आश्रय स्थलों की व्यवस्था की गई है। हालांकि, देश के सबसे बड़े खेल स्टेडियम 'स्टेड दे मार्त्यर' में पहले ही 4,500 से ज़्यादा लोग पहुंच चुके हैं। इसलिए सरकार अब लोगों को दूसरे स्थानों पर भेजने की योजना बना रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह स्वास्थ्य और राहत कार्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है, ताकि जरूरतमंदों को जल्दी और सही तरीके से मदद मिल सके। आने वाले दिनों में और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे 1.7 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में और ज़्यादा तबाही का डर है।

अमेरिकी हवाई हमलों के एक महीने में यमन में 123 नागरिकों की मौत, हूती नियंत्रित स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

सना । हूती नियंत्रण वाले स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मार्च के मध्य से यमन में अमेरिकी सेना ने फिर से हवाई हमले शुरू किए हैं। इन हमलों में अब तक 123 आम लोगों की मौत हो चुकी है और 247 लोग घायल हुए हैं। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह बयान रविवार देर रात तब जारी किया गया, जब यमन की राजधानी सना के पश्चिमी इलाके में एक सिरेमिक फैक्ट्री पर अमेरिकी हवाई हमला हुआ। इस हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए। 9 अप्रैल को स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया था कि ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में 107 लोगों की जान गई है और 223 लोग घायल हुए हैं। हूती समूह आम तौर पर अपने लड़ाकों की मौत की जानकारी नहीं देता। हालांकि, अमेरिकी सेना का कहना है कि इन हमलों में कई हूती नेता मारे गए हैं, लेकिन हूती समूह ने इस दावे को गलत बताया है। यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी है।

इस साल मानसून में जमकर बरसेंगे बादल : मौसम विभाग

नईदिल्ली । आरएनएस

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा और जून से सितंबर तक खूब बारिश होगी।

आईएमडी के निदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इस साल 2025 में 105 प्रतिशत से अधिक यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है, जो कृषि के लिए अच्छी होगी।

आमतौर पर 104 से 110 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से अच्छा माना जाता है। मानसून पर अल नीनो का प्रभाव नहीं है।

मौसम विभाग का कहना है कि इस बार केरल में मानसून 1 जून को समय पर आने की संभावना है। पिछले साल 2024 में यह 2 से 3 दिन पहले आना था, लेकिन लेट हो गया था।

केरल के बाद मानसून दक्षिणी राज्यों में 15 से 25 जून तक पहुंच जाएगा। दिल्ली समेत उत्तर भारत में मानसून के 15 जुलाई तक पहुंचने के आसार हैं।

आईएमडी के मुताबिक, बिहार, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर के राज्यों में मानसून थोड़ा कमजोर रहेगा।

आईएमडी प्रमुख का कहना है कि देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ रही है और आगे अप्रैल के अंत तक लू परेशान करेगी, जो मई के अंत तक चलेगी। जून की शुरूआत में कहीं-कहीं मानसून पूर्व बारिश हो सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार अल नीनो का असर मानसून पर नहीं दिखेगा, जिससे अच्छी बारिश होगी और खेती को नुकसान से बचाएगी।

आईएमडी के मुताबिक, पिछले 5 साल में अनुमान से अधिक बारिश हुई है।

कई राज्यों में अंधड़-बारिश का अलर्ट, गर्मी दिखाएगी तीखे तेवर

देशभर में तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जहां अप्रैल की शुरुआत में भीषण गर्मी ने परेशानी किए रखा, वहीं पिछले 2-3 दिनों से अंधड़-बारिश ने थोड़ी राहत प्रदान की है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आने वाले 3-4 दिनों में कुछ राज्यों में एक बार फिर मौसम बिगडऩे के आसार हैं।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा कुछ जगह ओलावृष्टि और बादल छाने, बिजली कडक़ने की संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ों से लेकर मैदानों तक में मौसम लगातार बदल रहा है। 16 से 20 अप्रैल तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में इसका तगड़ा असर देखने को मिल सकता है।

इस विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।

ओडिशा में 15-16 अप्रैल को भारी बारिश की चेतावनी दी है, जबकि झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश हो सकती है।

राजस्थान में पिछले 2-3 दिनों से मिली राहत के बाद अब गर्मी ने फिर से रौद्र रूप लेना शुरू कर दिया है और पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है।

बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो देश में सर्वाधिक है।

आईएमडी के अनुसार, अगले 4-5 दिन में तापमान 3-4 डिग्री तक बढऩे की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान, जयपुर और भरतपुर संभाग में 16 अप्रैल तक लू चलने की स्थिति बनी हुई है।

दिल्लीवासी 16 अप्रैल से लू के थपेड़े झेलने को तैयार रहें। इस दौरान तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है। आज यहां तेज हवा चल सकती है।

इस दौरान अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री तक रहने की संभावना है।

16-17 अप्रैल को बादल छाए रहने और 18-19 अप्रैल को तेज हवा चलने के बावजूद गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं है और 3 दिनों तक लू चलेगी। इसके बाद तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है।

बिहार के 19 जिलों में आज तेज बारिश और आंधी की संभावना है। इसके तहत 5 जिलों में ऑरेंज और 14 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश 10-15 किमी/घंटा की गति से हवाएं चलने की उम्मीद है और अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 2 दिन बाद 43 डिग्री तक पहुंच जाएगा।

सैफ अली खान हमला मामला : सीढ़ियों पर मिले फिंगरप्रिंट को लेकर बड़ा खुलासा, कई सच आए सामने

मुंबई । आरएनएस

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर जनवरी में हुए कथित चाकू हमले के मामले में जांच कर रही मुंबई पुलिस को अहम सबूत हाथ लगे हैं। जांच में सामने आया है कि सैफ के घर की सीढिय़ों पर मिले फिंगरप्रिंट्स में से एक का मिलान गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट से हो गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सैफ अली खान के सद्गुरु शरण बिल्डिंग स्थित आवास की 8वीं मंजिल की सीढिय़ों पर मिले फिंगरप्रिंट का फोरेंसिक लैब में विश्लेषण किया गया। जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि यह फिंगरप्रिंट आरोपी शरीफुल इस्लाम का ही है। हालांकि, पुलिस को मौके से दो अन्य फिंगरप्रिंट भी मिले थे, जिनकी जांच जारी है।

इसके अलावा, आरोपी शरीफुल इस्लाम की टी-शर्ट पर मिले खून के धब्बों का डीएनए मिलान सैफ अली खान के खून से हो गया है। जांच में यह भी पता चला है कि हमले में इस्तेमाल किए गए चाकू को तीन टुकड़ों में तोड़ दिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, एक टुकड़ा सैफ के शरीर से बरामद हुआ था, जबकि दूसरा टुकड़ा बांद्रा तालाब और तीसरा ठाणे से मिला। इन तीनों टुकड़ों का मिलान भी हो गया है।

मुंबई पुलिस ने इस मामले में दाखिल चार्जशीट में शरीफुल इस्लाम के 6 सीसीटीवी फुटेज भी शामिल किए हैं। इन फुटेज का फेस रिकग्निशन टेस्ट कराने पर आरोपी के चेहरे का 100 फीसदी मिलान हुआ है। यह जांच आरोपी की गिरफ्तारी के बाद की गई थी।

गौरतलब है कि शरीफुल इस्लाम को सैफ पर चाकू से हमला करने के आरोप में जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सैफ अली खान फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स' के प्रमोशन में व्यस्त हैं, वहीं पुलिस इस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की तैयारी, भारत लाने के लिए सीबीआई-ईडी भेजेगी टीम

नई दिल्ली । आरएनएस

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद उसे भारत लाने की कवायद तेज हो गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की एक संयुक्त टीम जल्द ही प्रत्यर्पण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बेल्जियम रवाना होगी।

चोकसी की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई और ईडी के शीर्ष अधिकारियों ने बैठकें कीं और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। योजना के तहत, दोनों जांच एजेंसियों के दो से तीन अधिकारियों की एक संयुक्त टीम अपने कानूनी सलाहकारों के साथ बेल्जियम जाएगी। यह टीम प्रत्यर्पण के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार करेगी और स्थानीय सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी ताकि चोकसी को जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।

हालांकि, चोकसी की भारत वापसी की राह आसान नहीं होगी। उसके वकील विजय अग्रवाल ने संकेत दिए हैं कि वे प्रत्यर्पण को चुनौती देंगे। अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मेडिकल आधार पर जमानत की मांग की जाएगी। वकील का दावा है कि चोकसी बेल्जियम में कैंसर का इलाज करवा रहा है और उसकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी नहीं है कि वह भाग सके।

गौरतलब है कि श्वष्ठ ने लगभग छह महीने पहले बेल्जियम सरकार को चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध भेजा था, जिस पर अब कार्रवाई हुई है। चोकसी पहले भी कानूनी दांव-पेंच का इस्तेमाल करता रहा है। वह अपने खिलाफ इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस को भी खारिज करवा चुका है। उसने आरोप लगाया था कि भारतीय अधिकारियों ने उसे एंटीगुआ से अगवा करने की कोशिश की थी, जहां की उसके पास नागरिकता है।

भारत के पास चोकसी के खिलाफ पुख्ता सबूत मौजूद हैं, लेकिन उसका प्रत्यर्पण बेल्जियम की अदालतों के फैसले पर निर्भर करेगा। वकील विजय अग्रवाल ने कारोबारी संजय भंडारी केस का हवाला देते हुए कहा है कि चोकसी का प्रत्यर्पण मुश्किल हो सकता है। लंदन की एक अदालत ने भारतीय जेलों की खराब स्थिति और मानवाधिकारों का हवाला देते हुए भंडारी के प्रत्यर्पण के खिलाफ फैसला सुनाया था। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि बेल्जियम की अदालतें भारतीय जेलों की स्थिति पर क्या रुख अपनाती हैं।

कोटा में कार और बाइक की भीषण टक्कर में 4 की मौत, सड़क से 5 फीट दूर जाकर गिरी दोनों गाड़ियां

कोटा । आरएनएस

कोटा जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इटावा-धनावा रोड पर मोरपा चौराहे के पास कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सडक़ से करीब पांच फीट दूर गड्ढे में जा गिरे।

मृतकों में पति-पत्नी, उनका आठ महीने का बेटा और साले की बेटी शामिल हैं। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर श्योपुर से अपने गांव भोरां लौट रहे थे।

डीएसपी राजेश ढाका ने बताया कि हादसा सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच हुआ। बाइक सवारों में से तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि आठ माह के बच्चे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। बाइक सवारों की पहचान भोरां निवासी बीरा उर्फ लियाकत (29), उसकी पत्नी सितारा (27), बेटा लइक (8 माह) और साले की बेटी जोया (17) के रूप में हुई है।

बीरा सिमलिया क्षेत्र में वेल्डिंग की दुकान पर काम करता था। परिवार किसी रिश्तेदार की मृत्यु पर बैठकर गेंता से अपने गांव लौट रहा था। नोताडा के पास नाले के समीप उनकी बाइक को सामने से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी।

हादसे की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस ड्राइवर कमलेश जाट और तबरु हुसैन मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत सुल्तानपुर अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक तीन की मौत हो चुकी थी और बच्चे को बचाया नहीं जा सका।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सुल्तानपुर हॉस्पिटल पहुंचे। एक ही परिवार के चार लोगों के शव देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शवों का पोस्टमार्टम सुल्तानपुर की मोर्चरी में किया जा रहा है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार सवार चार लोगों के भी बयान लिए जा रहे हैं।

कानपुर में कार और बस की जोरदार टक्कर, दो महिला शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत

कानपुर । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के कानपुर में बिठूर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर मंगलवार को कार और बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो महिला शिक्षक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में तीन महिला शिक्षक और ड्राइवर सवार था। जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी महिला शिक्षक उन्नाव में पढ़ाती थीं। तीनों महिला शिक्षकों को छोडऩे के लिए कार उन्नाव जा रही थी। इसी दौरान कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद कार रॉन्ग साइड हो गई, तभी सामने से आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो महिला शिक्षक और कार ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान आकांक्षा मिश्रा (25), अंजुला मिश्रा (41) और विशाल द्विवेदी (27) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में टीचर ऋचा अग्निहोत्री और अशोक कुमार शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, आकांक्षा मिश्रा, ऋचा अग्निहोत्री और अंजुला मिश्रा उन्नाव में पढ़ाने जाती थीं। हर दिन की तरह तीनों शिक्षकों को ड्राइवर विशाल द्विवेदी लेकर उन्नाव के लिए रवाना हुआ था। नारामऊ में सीएनजी भराने के लिए विशाल ने जैसे ही हाईवे पर बने कट से कार मोडऩी चाही, तभी बगल में चल रही बाइक से कार टकरा गई। इसके बाद कार रॉन्ग साइड हो गई, तभी सामने से आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी।

बाइक पर शिक्षक अशोक कुमार सवार थे, जो बिल्हौर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोडक़र फरार हो गया। बस में निजी फैक्ट्री के कर्मचारी सवार थे, जिन्हें कोई चोट नहीं आई। फिलहाल,

लैंड डील मामला : रॉबर्ट वाड्रा को ईडी का दूसरा समन, पैदल जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे

नई दिल्ली । आरएनएस

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। उन्हें गुरुग्राम के शिकोहपुर जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने उन्हें दूसरा समन जारी किया था, क्योंकि वह पहले समन पर 8 अप्रैल को पेश नहीं हुए थे। वाड्रा आज पैदल ही ईडी कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे जमीन सौदे को लेकर पूछताछ की जा रही है।

श्वष्ठ ऑफिस जाते हुए वाड्रा ने कहा- जब भी मैं लोगों की आवाज बुलंद करूंगा, ये लोग मुझे दबाएंगे। ये एजेंसियों को दुरुपयोग करेंगे। जितने भी सवाल पूछेंगे, मैं हर जवाब दूंगा।

केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में वाड्रा की फर्म, स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी , से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। ईडी ने इस भूमि सौदे को लेकर पिछले साल धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने पहले भी वाड्रा को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन 8 अप्रैल को उनके पेश न होने के कारण अब यह नया समन जारी करना पड़ा है। नए समन में वाड्रा को आज जांच अधिकारी के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। ईडी इस मामले में जांच को आगे बढ़ा रही है और आज वाड्रा की पेशी पर सबकी नजरें टिकी हैं।

पीएम मोदी कश्मीर को देंगे बड़ी सौगात, 19 अप्रैल को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

जम्मू । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को रियासी जिले के कटरा कस्बे में श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन से कश्मीर के लिए बहुप्रतीक्षित ट्रेन का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से आज रेलवे और जम्मू-कश्मीर प्रशासन को इसकी पुष्टि भेज दी गई है.

इसके साथ ही कटरा के खेल स्टेडियम में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री 19 अप्रैल को सुबह 10 बजे उधमपुर पहुंचेंगे और उसके बाद वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के लिए चिनाब रेलवे ब्रिज के लिए उड़ान भरेंगे.

इसके बाद पीएम मोदी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए कटरा के एसएमवीडी रेलवे स्टेशन जाएंगे. इस दौरान पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करने के लिए कटरा के खेल स्टेडियम जाएंगे. एसएमवीडी रेलवे स्टेशन श्री वैष्णो देवी की तलहटी में स्थित है, जहां हर साल करीब 10 मिलियन श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं.

देश भर के लोग और खास तौर पर कश्मीर घाटी के लोग लंबे समय से रेल संपर्क के जरिए जुडऩे का इंतजार कर रहे हैं, जिसने पिछले कई सालों में कई उतार-चढ़ाव देखे है.। कठिन पहाड़ी ट्रैक से गुजरते हुए रेलवे को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें रियासी जिले के बक्कल और कौरी गांवों के बीच चिनाब नदी पर पुल का निर्माण भी शामिल है, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बनकर इंजीनियरिंग का एक चमत्कार है.

272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला-रेलवे-लाइन (यूएसबीआरएल) में 36 सुरंगें हैं, जो 119 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं. इनमें से कुछ सुरंगें इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग उत्कृष्टता में मील का पत्थर बन गई हैं. 12.77 किलोमीटर लंबी टी-50 सुंबर और खारी के बीच भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है.

कश्मीर को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोडऩा सदियों पुराना सपना है. कश्मीर घाटी में एक नैरो गेज रेल लिंक बनाने का पहला विचार एक सदी से भी पहले आया था. 1 मार्च 1892 को महाराजा प्रताप सिंह द्वारा जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक की आधारशिला रखी गई थी. बाद में 1898 में महाराजा रणबीर सिंह ने इसकी आधारशिला रखी थी.